राजस्व लोक अदालत ''न्याय आपके द्वार'' कैम्प 2015 ग्राम पंचायत बग्गड
न्यायालय उपखण्ड अधिकारी एवं पदेन सहायक कलक्टर भीम
(नरेन्द्र कुमार जैन पीठासीन अधिकारी लोक अदालत/कैम्प कोर्ट)
कैम्प कोर्ट का स्थान :– ग्राम पंचायत बग्गड

प्रकरण सं. – 2/2012 अ.ना.

निर्णय दिनांक – 10.06.2015

1. घीसीदेवी पुत्री हिम्मता राम पत्नि रूपाराम जाति बलाई आयु 50 वर्ष निवासी फुतियाखेडा बरार हाल ठीकरवास कला तहसील भीम।

अपीलान्ट

बनाम

1. श्री रामलाल पिता भूराराम जाति बलाई निवासी शक्करगढ तहसील देवगढ।
2. श्रीमति गंगा पत्नि नाथूराम जाति बलाई निवासी फुतियाखेडा बरार तहसील भीम।
3. श्री केलाशराम पिता नाथूराम जाति बलाई निवासी फुतियाखेडा बरार तहसील भीम।
4. श्री लम्मणराम पिता नाथूराम जाति बलाई निवासी फुतियाखेडा बरार तहसील भीम।
5. राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार भीम।
6. सरपंच ग्राम पंचायत ठीकरवास।

रेस्पोडेन्ट

अपील विरूद्ध नामान्तरकरण संख्या 552 दिनांक 16.11.2005 ग्राम कहारी पटवार मण्डल ठीकरवासकला, तहसील भीम, जिला राजसमन्द

अपीलान्ट की अपील निम्ननुसार है– यह कि मौजा कहारी पटवारहल्का ठीकरवासकला में निम्न विवरण वाली आराजियात अपीलान्ट के पिता हिम्मता राम रेस्पोडेन्ट संख्या 1 व रेस्पोडेन्ट संख्या 2 के पति नाथूराम व रेस्पोडेन्ट संख्या 3 व 4 के पिता नाथूराम के खाते दर्ज होकर रेस्पोडेन्ट व अपीलान्ट उक्त आराजी की स्वयं काश्त करते कराते आ रहे है। दिनांक 26.11.1963 को अपीलान्ट के पिता हिम्मता राम की मृत्यु होने से उक्त भूमि पर शामिल रूप से काश्त करते आ रहे है। अपीलान्ट की माता हीरी देवी का पूर्व मे दिनांक 05.04.1970 को मृत्यु हो चुकी है। अपीलान्ट की एक बहन सायरी देवी थी जिसकी पूर्व में दिनांक 10.04.1991 को मृत्यु हो चुकी थी। सायरी देवी के एक पुत्री श्रवणदेवी थी जिसकी पूर्व में दिनांक 07.04.2001 को मृत्यु हो चुकी थी। रेस्पोडेन्ट संख्या 1 व 2 के पति नाथूराम, रेस्पोडेन्ट संख्या 3 व 4 के पिता नाथूराम के द्वारा अपीलान्ट के पिता श्री हिम्मताराम की मृत्यु प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर रेस्पोडेन्ट संख्या 1 व रेस्पोडेन्ट 2 के पति नाथुराम व रेस्पोडेन्ट संख्या 3 व 4 के पिता नाथूराम द्वारा अपीलान्ट के पिता के स्वामित्व एवं अधिपत्य की भूमि को अपने नाम पर दिनांक 16.11.2005 को अपने नाम नामान्तरण खुलवा दिया। सजरा निम्न प्रकार है:–



यह कि अपीलान्ट के पिता हिम्मता राम के हिस्से की भूमि ग्राम कहारी पटवार हल्का ठीकरवास में निम्न खाता संख्या व खसरा संख्या में स्थित है जिसका वर्तमान में अपीलान्ट की एक ही मात्र वारिसान है।

खाता नम्बर	खसरा नम्बर	रकबा	किस्म
94	401	02 बीघा 18 विस्वा	बंजड
	404	16 विस्वा	बारानी 1
	405	12 विस्वा	बारानी 2
	411	15 विस्वा	बारानी 2
	412	11 विस्वा	बजड
	497	16 विस्वा 10 विस्वांसी	बारानी 1

कुल किता 6 रकबा 06 बीघा 08 विस्वा 10 विस्वांसी

यह कि दिनांक 03.02.2012 को जब में उक्त आराजी ऋण लेने हेतु भीम आकर जमाबन्दी निकलवायी तो मुझे जानकारी हुई कि रेस्पोडेन्ट संख्या 1 व 2 के पति नाथूराम एवं रेस्पोडेन्ट संख्या 3 व 4 के पिता नाथूराम के पिता द्वारा दिनांक 16.11.2005को अपीलान्ट के पिता हिम्मता राम को लाओलाद फोत बताकर उक्त आराजी भूमि का नामान्तकरण अपने नाम करवा दिया जो गलत है। जबकि उक्त आराजी के हिस्से 1/3 के हिस्सेदार मुझ अपीलान्ट के पिता हिम्मताराम की पुत्री अपीलान्ट आज भी जीवित है। तथा पटवारी हल्का द्वारा आराजियात का गलत नामान्तकरण बनवाकर रेस्पोडेन्ट के नाम खोल दिया। उक्त आराजियात के रेस्पोडेन्ट संख्या 1 व 2 के पति व रेस्पोडेन्ट संख्या 3 व 4 के

Scanned by CamScanner

पिता नाथूराम का उक्त आराजियात का अवैधानिक तरीके से अपीलान्ट के पिता हिम्मताराम को लाओलाद फोत बताकर अपने नाम नामान्तकरण खुलवाकर अनुचित लाभ उठाने की नियत से उक्त आराजियात नामान्तकरण करवाया अवैधानिक प्रभावहीन है तथा अपीलान्ट के हितो की रक्षा हेतु निरस्त कराया जाना अतिआवश्यक है। उक्त आराजियात के गलत एवं अवैधानिक रूप से नामान्तकरण खुलवाया जो प्रथम दृष्टिया से कानूनन अवैध व प्रभाव शून्य है। तथा इस दौरान रेस्पोडेन्ट संख्या 2 उक्त आराजी के खातेदार बने रहने से आगे अनयंत्र विकय कर सकते है। अतः उक्त नामान्तकरण को निरस्त कराया जावें।

अतः अपीलान्ट की अपील दर्ज रजिस्टर की जाकर विधिवत सुनवाई की जाकर राजस्व लोक अदालत न्याय आपके द्वार 2015 केम्प बग्गड में स्वीकार की जाकर नामान्तकरण संख्या 552 दिनांक 16.11.2005 को मौजा कहारी पटवारमण्डल ठीकरवासकला ग्राम पंचायत ठीकरवास तहसील भीम को निरस्त किये जाकर उक्त आराजियात को राजस्व रेकार्ड. में अपीलान्ट के नाम नामान्तकरण खोलने के आदेश दिये जाते है।

पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो निर्णय खुले न्यायालय में सुनाया गया।

सहायक कलक्टर,
भीम, जिला– राजसमन्द
सहायक कलेक्टर एवं
उपखण्ड अधिकारी, भीम
जिला - राजसमन्द

Scanned by CamScanner